हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

Date: 09.04.2024

अभिभावक-शिक्षक बैठक से विद्यार्थियों को मिलती है आगे बढ़ने में मदद

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विवि के इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग की तरफ से सोमवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डा. जमेर सिंह ने अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि किसी छात्र की शैक्षणिक प्रगति के बारे में माता-पिता और शिक्षकों के बीच कुशलतापूर्वक संवाद करने से छात्रों के प्रदर्शन में वृद्धि हो सकती है। इससे शिक्षकों को छात्रों को उनके शैक्षणिक लक्ष्यों की ओर सही दिशा में आगे बढ़ाने में मदद मिलती है। अभिभावकों का बैठक में आना न केवल विद्यार्थियों के विकास की सकारात्मक सीढ़ी है बल्कि विभाग की प्रगति में भी सहायक है।

अमर उजाला

Date: 09.04.2024

अभिभावक-शिक्षक संवाद छात्रों के आगे बढ़ने में मददगार

सीआरएसयू में सोमवार को हुई अभिभावक-शिक्षक बैठक

संवाद न्यूज एजेंसी

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग की तरफ से सोमवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया।

विभागाध्यक्ष डॉ. अजमेर सिंह ने अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि किसी छात्र की शैक्षणिक प्रगति के बारे में माता-पिता और शिक्षकों के बीच कुशलतापूर्वक संवाद करने से छात्रों के प्रदर्शन में वृद्धि हो सकती है। इससे शिक्षकों को छात्रों को उनके शैक्षणिक लक्ष्यों की ओर सही दिशा में आगे बढ़ाने में मदद मिलती है। अभिभावकों का बैठक में आना न केवल विद्यार्थियों के विकास की सकारात्मक सीढ़ी है, बल्कि विभाग की प्रगति में भी सहायक है।

विभाग प्रभारी डॉ. जसमेर सिंह ने कहा कि अभिभावक-शिक्षक बैठक सहयोग का एक अवसर है। इसमें माता-पिता अपने बच्चे के शैक्षणिक प्रदर्शन के विषय में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर सभी अभिभावकों ने अपने विचारों का आदान-प्रदान किया और विभाग के संदर्भ में अपनी प्रतिपुष्टि प्रदान की, ताकि विभाग निरंतर उन्नति कर सके।

अभिभावक शमशेर सिंह ने कहा कि उनके बच्चे में विभाग में प्रवेश के पश्चात बहुत अधिक परिवर्तन आया है। वह पहले से काफी जिम्मेदार और समझदार हो गया है। अपनी समस्याओं का समाधान स्वयं करने लगा है। उन्होंने कहा कि उनके निर्देशन में बहुत से बच्चों ने यूजीसी नेट और जेआरएफ क्वालिफाई किया और अलग-अलग विभागों में बहुत से विद्यार्थियों का चयन भी हुआ। यह उनके लिए गर्व का विषय है। अभिभावक कृष्ण कुमार ने कहा कि विभाग ने समय के साथ काफी प्रगति की है।

सीआरएसयू में आयोजित बैठक में मौजूद अभिभावक और शिक्षक। स्रोत संस्थान

दैनिक जागरण

Date: 09.04.2024

अभिभावक-शिक्षक बैठक में कई मुद्दों पर की चर्चा

जागरण संवाददाता, जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग द्वारा सोमवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डा. अजमेर सिंह ने अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि किसी छात्र की शैक्षणिक प्रगति के बारे में माता-पिता और शिक्षकों के बीच कुशलतापूर्वक संवाद करने से उसके प्रदर्शन में वृद्धि हो सकती है।

सीआरएसयू में स्टाफ के साथ अभिभावक। • सौ. विवि

इससे शिक्षकों को छात्रों को उनके शैक्षणिक लक्ष्यों की ओर सही दिशा में आगे बढ़ाने में मदद मिलती है। अभिभावकों का बैठक में आना न केवल विद्यार्थियों के विकास की सकारात्मक सीढ़ी है, बल्कि विभाग की प्रगति में भी सहायक है। बैठक में बातचीत करते हुए सभी को अवगत करवाया गया कि विश्वविद्यालय में छात्रों के लिए विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध हैं। छात्रों को इनका लाभ उठाना चाहिए और विश्वविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों की चर्चा की गई। जो विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर विभाग प्रभारी डा. जसमेर सिंह ने कहा कि अभिभावक-शिक्षक बैठक सहयोग का एक अवसर है, जिसमें माता-पिता अपने बच्चे के शैक्षणिक प्रदर्शन के विषय में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निर्देशन में बहुत से विद्यार्थियों ने यूजीसी नेट और जेआरएफ क्वालीफाइ किया और अलग-अलग विभागों में बहुत से विद्यार्थियों का चयन भी हुआ। अभिभावक कृष्ण कुमार ने कहा कि विभाग ने समय के साथ काफी प्रगति की है।